लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 341

02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

एकीकृत वस्त्र पार्क

341. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने एकीकृत वस्त्र पार्क योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में वस्त्र पार्क की स्थापना की है;

(ख) यदि हाँ, तो उक्त वस्त्र पार्क को कब स्वीकृत किया गया था;

(ग) क्या परियोजना की लागत 103 करोड़ रुपये थी और पार्क में 10 इकाइयाँ स्थापित करने का प्रस्ताव था;

(घ) यदि हाँ, तो क्या अब तक केवल 20 करोड़ रुपये ही अनुदान के रूप में जारी किए गए हैं; और

(ङ) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं और शेष अनुदान कब तक जारी किए जाने वाले हैं और क्या उपरोक्त पार्क में अधिक से अधिक इकाइयां स्थापित की जाएँगी?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (ङ): एकीकृत वस्त्र पार्कों की योजना के अंतर्गत, सरकार ने 24 मार्च, 2015 को आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में तारकेश्वर टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड को 103.44 करोड़ रुपये की परियोजना लागत और 223 करोड़ रुपये के निवेश आकर्षित करने तथा 2275 नौकरियां सृजित करने के लक्ष्य के साथ मंजूरी दी है। भारत सरकार के 40 करोड़ रुपये के अनुदान हिस्से में से अब तक 20 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। पार्क ने क्रमश: द्वारा प्राप्त वर्तमान में 87.43 करोड़ रुपये निवेश और 480 रोजगार सृजित करने का लक्ष्य प्राप्त किया है। परियोजना अनुमोदन समिति (पीएसी) द्वारा पार्क की नवीनतम समीक्षा दिनांक 21 नवम्बर 2025 को की गई। भारत सरकार की हिस्सेदारी को योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार जारी किया जाता है।

***